HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - पिलखुवा **दिनांक 23-01-2025**

ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने गुमशुदा युवक को अथक प्रयास के बाद सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 16.01.2025 को थाना पिलखुवा क्षेत्र के मौ0 धोबी चौक निवासी युवक अभिषेक घर से बिना बताये कहीं चला गया था जिसका परिजनों द्वारा काफी तलाश करने पर कुछ पता नहीं चल सका। उक्त सूचना पर थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा मु0अ0स0 23/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत कर गुमशुदा युवक की तलाश हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

कार्यवाही:-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में हापुड पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा गुमशुदा युवक को अथक प्रयास के बाद कस्बा पिलखुवा से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 मौ0 आरफीन थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
2. का0 221 मनीष कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।